सेवाओं के प्रभाव का अभिनिर्धारण करने हेतु राज्य में वार्षिक सर्वेक्षण करने में संलग्न है । इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय तकनीकी समिति, समाज कल्याण क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं तथा चिकित्सा अधिकारियों/सलाहकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करती है । वर्ष 1993-94 के दौरान, केन्द्रीय तकनीकी समिति द्वारा गुजरात राज्य में 22 पाठ्यक्रम आयोजित करके कुल 506 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया ।

गुजरात में ऐतिहासिक स्मारकों के रख-रखाव पर किया गया व्यय

1623. श्रीमति उर्मिला चिमनभाई पटेल :
श्रीमती आनन्दीबेन जैठाभाई पटेल:
क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा 1992-93 और 1993-94 के दौरान गुजरात में प्रत्येक ऐतिहासिक किले और स्मारक के संरक्षण, नवीकरण और रख-रखाव पर कितना धन खर्च किया गया ; और

(ख) वर्ष 1994-95 में इस कार्य के लिए कितना धन आबंटित किया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान, गुजरात राज्य के केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों, जिनमें किले भी शामिल हैं, के रखरखाव, संरक्षण तथा परिरक्षण पर हुआ व्यय तथा 1994-95 के लिए किये जाने वाले खर्च का प्रावधान अनुबंध "क" पर दिया गया । [देखिए परिशिष्ट 171, अनुपत्र सं 31]

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का आधुनिकीकरण

1624. **मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विकास, विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं ;

(ख) विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए पर्याप्त सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं/किए जा रहे हैं ;

(ग) इस समय विश्वविद्यालय को प्रतिवर्ष कितनी धनराशि दी जा रही है ;

(घ) क्या सरकार अंग्रेजी और हिन्दी में उपलब्ध वृहत् साहित्य को विश्वविद्यालय द्वारा उर्दू में अनुवाद किए जाने को प्रोत्साहन देगी ; और

(ङ) विश्वविद्यालय की कितने मूल्य की संपत्ति का अतिक्रमण किया जा चुका है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार आयोग ने आठवीं योजना के दौरान अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (अ० वि०) के विकास, विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 966.00 लाख रुपये आबंटित किये हैं । योजनागत अनुदान के अलावा आयोग के वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान क्रमश: 3603.60 लाख रु०, 4119.47 लाख रु० और 5628.09 लाख रु० के रखरखाव अनुदान भी जारी किए हैं । इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा अन्य विकास कार्यक्रमों जैसे विशेष सहायता कार्यक्रम, डी० डी०ए० सी०ए०एस० आदि भी जारी किए गए हैं ।

(ख) आठवीं योजना के प्रस्तावों को प्रतिपादित करते समय विश्वविद्यालय ने अन्य बातों के साथ-साथ महिला छात्र सुविधाओं सहित, छात्र सुविधाओं को ध्यान में रखा है ।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान आयोग द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

को प्रदान किए गए वार्षिक रखरखाव अनुदान का ब्यौरा निम्नानुसार है :—

वर्ष	राशि (लाख रुपये में)
1991–92 . .	3603.60
1992–93 . .	4119.47
1993–94 . .	5628.09

(घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार यदि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से हिन्दी और अंग्रेजी साहित्य का उर्दू में अनुवाद करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो आयोग उस पर विचार करेगा और विश्वविद्यालय को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा बशर्ते कि राशि उपलब्ध हो ।

(ङ) अतिक्रमण की गई संपत्ति का मूल्य तब पता चलेगा जब समिति, जिसमें विधिवेत्ता और ओल्ड वॉयज हैं, अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।

जामिया मिलिया इस्लामिया का आधुनिकीकरण और विस्तार

1625. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जामिया मिलिया इस्लामिया के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) जामिया मिलिया इस्लामिया को इस समय प्रतिवर्ष कितनी धन राशि प्रदान की जा रही है और क्या सरकार इसे बढ़ाने का विचार रखती है ; और

(ग) जामिया की संपत्ति के अतिक्रमण को समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और पिछले दो वर्षों के दौरान इसमें कितनी सफलता मिली है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) जामिया मिलिया इस्लामिया तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, आयोग ने आठवीं योजना के दौरान जामिया मिलिया इस्लामिया के विकास, विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 1057.00 लाख रु० की राशि आवंटित की थी । आयोग ने 1991–92, 1992–93 तथा 1993–94 के दौरान क्रमशः 707.03 लाख रु०, 888.32 लाख रु० तथा 939.78 लाख रु० का वार्षिक अनुरक्षण अनुदान भी प्रदान किया है । इसके अलावा आयोग अन्य विकास कार्यक्रमों जैसे विशेष सहायता कार्यक्रम, डी० एस० ए०, सी० एस० ए० इत्यादि के लिए सहायता प्रदान करता है । जामिया मिलिया इस्लामिया को दिए जाने वाले अनुदानों में बढ़ोत्तरी विश्वविद्यालय की आवश्यकता तथा सरकार के पास निधियों की उपलब्धता पर निर्भर करती है ।

(ग) जामिया मिलिया इस्लामिया के अनुसार, विश्वविद्यालय ने अतिक्रमण की समस्या से निपटने तथा जामिया की संपत्ति की रक्षा करने के लिए एक वरिष्ठ परामर्शदाता नियुक्त किया है । जामिया की संपत्ति पर अतिक्रमण हटाने के लिए पी० पी० अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी गई है । विश्वविद्यालय ने 13 मामलों में अतिक्रमण हटाने में सफलता प्राप्त कर ली है । गत दो वर्षों के दौरान जामिया की भूमि पर किसी अतिक्रमण की सूचना नहीं मिली है ।

स्नातकोत्तर शिक्षकों की पदोन्नति

1626. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री राज्य सभा में 18 मार्च, 1994 को अतारांकित प्रश्न संख्या 3407 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि